समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 23 September 2026

# हरियाणा मे निकली डेटा एंट्री ऑपरेटर की भर्ती, 12वीं पास को मौका, मिलेगी ₹18,000 सैलरी।

Publisher

Published on 05 Jul 2025

## HARTRON मे डेटा एंट्री ऑपरेटर के 12वीं पास युवाओं के लिए 2025 मे निकली भर्ती, ₹18,000 सैलरी और परीक्षा 9 सितंबर को।

**चंडीगढ़ :** अगर आप 12वीं पास हैं और सरकारी नौकरी की तलाश में हैं, तो आपके लिए शानदार मौका है। **हरियाणा इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम लिमिटेड** (HARTRON) ने **डेटा एंट्री ऑपरेटर** (**DEO**) के पदों पर भर्ती का नोटिफिकेशन जारी किया है। इच्छुक उम्मीदवार **HARTRON** की आधिकारिक वेबसाइट hartron.org.in के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

**भर्ती से जुड़ी महत्वपूर्ण तिथियां**
**एडमिट कार्ड डाउनलोड :** 4 सितंबर 2025 से
**लिखित परीक्षा :** 9 सितंबर 2025

**इच्छुक अभ्यर्थियों** को सलाह दी जाती है कि वे अंतिम तिथि का इंतजार न करें और समय रहते आवेदन प्रक्रिया पूरी कर लें ताकि आगे किसी प्रकार की परेशानी ना हो।

कौन कर सकता है आवेदन ?
१. **उम्मीदवारों के पास न्यूनतम 12वीं पास योग्यता होनी चाहिए।**
२. **ग्रेजुएट उम्मीदवार भी इस पद के लिए पात्र है।**

३. **कंप्यूटर कार्य का अनुभव रखने वाले अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जा सकती है।**

**आयु सीमा**

१. **न्यूनतम आयु :** 18 वर्ष
२. **अधिकतम आयु :** 42 वर्ष
३. **हरियाणा सरकार के नियमानुसार आरक्षित वर्गों को आयु मे छूट दी जाएगी।**

चयन प्रक्रिया

**HARTRON डेटा एंट्री ऑपरेटर भर्ती मे चयन प्रक्रिया चार चरणों मे होगी:**

१. **लिखित परीक्षा :** इसमें कंप्यूटर ज्ञान, सामान्य ज्ञान और बेसिक रीजनिंग से प्रश्न पूछे जाएंगे।
२. **टाइपिंग टेस्ट :** उम्मीदवारों की हिंदी या अंग्रेजी टाइपिंग स्पीड का मूल्यांकन किया जाएगा।
३. **डॉक्यूमेटं वेरिफिकेशन :** दस्तावेजों की जांच की जाएगी।
४. **मेडिकल टेस्ट :** अंतिम चयन से पहले स्वास्थ्य परीक्षण होगा।

**सैलरी कितनी मिलेगी ?**

चयनित उम्मीदवारों को **प्रतिमाह ₹18,000 वेतन** मिलेगा। इसके अलावा **हरियाणा सरकार** के नियमानुसार अन्य भत्तों का भी लाभ मिलेगा।

**आवेदन शुल्क**

| **श्रेणी** | **शुल्क (रुपये मे)** |
|---|---|
| हरियाणा से बाहर के पुरुष | ₹354 |
| हरियाणा की सामान्य महिला | ₹177 |
| अन्य राज्यों की महिला | ₹177 |
| हरियाणा के SC, BCA, EWS, ESM वर्ग | ₹89 |
| हरियाणा के दिव्यांग उम्मीदवार | कोई शुल्क नहीं |

**आवेदन कैसे करे ?**

१. **HARTRON** की आधिकारिक वेबसाइट hartron.org.in पर जाएं।
२. **करियर सेक्शन मे जाकर डेटा एंट्री ऑपरेटर भर्ती 2025 के नोटिफिकेशन पर क्लिक करे।**
३. **सभी आवश्यक जानकारियां सावधानीपूर्वक भरे।**
४. **आवश्यक दस्तावेज अपलोड करे और आवेदन शुल्क का भुगतान करे।**
५. **आवेदन फॉर्म सबमिट करने के बाद उसका प्रिंटआउट निकालकर भविष्य के लिए सुरक्षित रखे।**

**महत्वपूर्ण सलाह**

उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे आवेदन करने से पहले **ऑफिशियल नोटिफिकेशन** को ध्यान से पढ़ें ताकि सभी पात्रता शर्तों और नियमों को सही से समझ सकें। समय रहते आवेदन करने से तकनीकी गड़बड़ियों और अंतिम समय की परेशानियों से बचा जा सकता है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.